# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

क्रमांक / परीक्षा / 2026 / 2476 जबलपुर दिनांक 29/ 04 / 2026

## अधिसूचना

अधिसूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालयों की स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के स्नातकोत्तर (एम.ए. / एम. काम. / एम.एस.सी. (गणित) उत्तरार्द्ध मई–जून 2026 की परीक्षाओं हेतु परीक्षा आवेदन पत्र एम.पी. आनलाइन पोर्टल के माध्यम से भराये जाने की तिथियां एवं शुल्क का विवरण निम्नानुसार घोषित किया जाता है।

टीप – जबलपुर / कटनी / नरसिंहपुर / मंडला / डिण्डौरी जिले के परीक्षार्थी स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध के परीक्षार्थी ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेंगे ।

तिथियां

| | |
|---|---|
| आन लाईन आवेदन पत्र जमा करने की तिथि | 05.05.2026 से 18.05.2026 तक |
| विलंब शुल्क 100 / – के साथ | 21.05.2026 तक |
| विलंब शुल्क 750 / – के साथ | 25.05.2026 तक |

परीक्षा प्रारंभ होने के सात दिवस पहले से एवं परीक्षा तिथि से एक दिवस पूर्व तक विशेष विलंब शुल्क 2000 / – देय होगी ।

| परीक्षा शुल्क का विवरणः– | नियमित | भूतपूर्व |
|---|---|---|
| एम.ए. उत्तरार्द्ध | 2795 / – | 2795 / – |
| एम.काम. / एम.एस.सी. (गणित) उत्तरार्द्ध | 2960 / – | 2960 / – |

नोट –एम.ए. इतिहास / एम.काम. के विद्यार्थी पूर्वार्द्ध में जो विषय का चयन किया है उत्तरार्द्ध में उस विषय का चयन नहीं करेंगें । गलत विषय का चयन करने पर सम्पूर्ण उत्तरदायित्व स्वयं छात्र / छात्राओं की होगी ।

(एम.ए.हिन्दी / अंग्रेजी / भूगोल / संस्कृत / राजनीतिशास्त्र / इतिहास / दर्शनशास्त्र / अर्थशास्त्र / समाजशास्त्र / मनोविज्ञान)

*टिप्पणीः–1. स्नातकोत्र छात्र जो इस विश्वविद्यालय के पूर्व से स्नातक परीक्षा में नामाकित / पंजीकृत है वे भी अपना नामांकन एम.पी. आनलाइन के कियोस्क में जाकर करावें, तत्पश्चात ही वे अपना परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेंगे। ऐसे छात्रों को पंजीयन / नामांकन शुल्क देय नहीं होगा, सिर्फ पोर्टल चार्ज 45 / – देय होगा।*

*2. जिन विद्यार्थियों ने स्नातक की परीक्षा 2026 में उत्तीर्ण की है। ऐसे परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन पत्र न भरें। यदि किसी विद्यार्थी द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र भरा जाता है तो उसकी जबाबदारी संबंधित विद्यार्थी की होगी तथा परीक्षा शुल्क वापिस नहीं किया जावेगा।*

*3. जिन छात्रों ने बी.बी.ए. / बी.सी.ए. की परीक्षा उत्तीर्ण की है ऐसे छात्रों का एम.काम. की परीक्षा में पात्रता नहीं है।*

*4. जो विद्यार्थी इसी विश्वविद्यालय से वर्तमान में कोई अन्य कोर्स कर रहें है ऐसे विद्यार्थी स्वाध्ययी परीक्षा हेतु ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र न भरें । यदि कोई विद्यार्थी इसके बाद भी परीक्षा आवेदन पत्र भरता है तो विद्यार्थी स्वयं जिम्मेदार होगा तथा शुल्क वापिस नहीं की जावेगीं।*

नोटः— स्वाध्यायी विद्यार्थी परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कापी विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अग्रेषण/परीक्षा केन्द्र में निर्धारित तिथिनुसार अनिवार्य रूप से जमा करेंगें । निर्धारित तिथि के पश्चात् हार्ड कापी जमा करने पर रूपये 100/— विलंब शुल्क देय होगा ।

**(1)** इस प्रकिया के अंर्तगत छात्र एम.पी. आनलाइन के पोर्टल पर सर्वप्रथम सेवायें आप्शन पर जाकर फिर प्रायवेट एनरोलमेंट (नामांकन लिंक) पर जाकर एनरोल्ड करेगा, जिससे एप्लीकेशन नंबर जनरेट होगी। छात्र नामांकन फार्म भरते समय पहले जिले, केन्द्र व कोर्स का चयन करेगा। छात्र कोर्स एवं केन्द्र का चयन करते समय सावधानी बरतें।

(2) छात्र एप्लीकेशन नंबर से प्राइवेट एक्जाम लिंक पर जाकर परीक्षा फार्म भरेगा महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क जमा करेगा। नामांकन व परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कापी छात्र द्वारा संबंधित महाविद्यालय पर जमा की जायेगी।

**(3)** तत्पश्चात महाविद्यालय द्वारा छात्रों के पंजीयन आवेदन पत्र का परीक्षण करेगा एवं एप्रूवल **Approvel** करेगा जिसके पश्चात् **Admit card** एवं **Second Signature Sheet** जनरेट होगी। **Online** आवेदन की हार्डकापी अंकसूची के साथ विश्वविद्यालय में दिनांक **28/05/ 2026** तक विश्वविद्यालय में जमा करें। परीक्षा आवेदन की हार्ड कापी के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है:—

1. जन्मतिथि प्रमाणपत्र 2. अंकसूची 3. माइग्रेशन 4. गैप सर्टिफिकेट

(4) महाविद्यालय स्वाध्यायी छात्र/छात्राओं से नामांकन एवं परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कापी प्राप्त करते समय छात्र/छात्राओं से परीक्षा संचालन शुल्क 300/—रूपये एवं अग्रेषण शुल्क 50/— रूपये कुल 350/— रूपये महाविद्यालय स्तर पर दिनांक 26/05/2026 तक जमा करवायेगा। तथा परीक्षा संचालन शुल्क 350/—रू. निर्धारित परीक्षा केन्द्र में जमा करायेंगे ।

प्राचार्य/विद्यार्थियो के लिए आवश्यक निर्देश :—

विश्वविद्यालय से संबंद्ध समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यो को सूचित है कि आपके महाविद्यालय में अध्ययनरत् समस्त विद्यार्थियों को **ABC (Acadmic Bank of credit** एवं **Swayam Portal )** पर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है ।

रजिस्ट्रेशन करने के पश्चात् छात्र/छात्राओं को प्राप्त आई.डी. नम्बर को रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर की वेबसाइट **rdvv.mponline.gov.in** की **ABC (Acadmic Bank of credit** एवं **Swayam Link)** पर अपडेट करना भी अनिवार्य है । उसके पश्चात् ही छात्र/छात्राए परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेंगें ।

कुलपति जी के आदेशानुसार,

परीक्षा नियंत्रक
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

पृ.क./परीक्षा/2026/2476 "अ" जबलपुर, दिनांक 29/04/2026

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुतः—

01. प्राचार्य समस्त संबंद्ध स्वाध्यायी परीक्षा संचालन हेतु अधिकृत महाविद्यालय की ओर भेजकर निवेदन है कि विश्वविद्यालय द्वारा प्रदाय समस्त सूचनाएं छात्रों के सूचनार्थ महाविद्यालय के सूचना पटल पर आवश्यक रूप से चस्पा करें।
02. नोडल अधिकारी एम.पी.ऑनलाइन रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की ओर भेजकर निवेदन है कि उक्त अधिसूचना की एम.पी. ऑनलाईन को अग्रेषित करे एवं परीक्षा फार्म भरवाने की तैयारी करें।
03. प्रभारी कम्प्यूटर केन्द्र विश्वविद्यालय बेबसाईट पर अपलोड करे ।
04. नगर के समस्त समाचार पत्रों के सम्मानीय संपादकों एवं केबिल नेटवर्क के प्रबंधकों को इस अनुरोध के साथ कि कृपया छात्र हित में इस अधिसूचना को अपने लोकप्रिय समाचार पत्र/प्रसार माध्यम के आगामी अंक में समाचार के रूप में प्रकाशित करने की कृपा करें।
05. माननीय कुलपतिजी/कुलसचिवजी के निजी सहायक रा.दु.वि.वि. जबलपुर।

परीक्षा नियंत्रक
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर